राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

समीक्षा बैठक, दिनांक 24.06.2019

माननीय वन मंत्री, श्री उमंग सिंघार, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक दिनांक 24.06.2019 को ली गई। समीक्षा बैठक में श्री गिरिधर राव, सचांलक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान; डॉ. पी.के. शुक्ल, क्षेत्रीय संचालक, क्षेत्रीय–सह–सुविधा केन्द्र, मध्यक्षेत्र जबलपुर; श्री आर.डी. महाला, मुख्य वन संरक्षक, मध्यवृत्त जबलपुर; श्री आर.एस. कोरी, मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं विस्तार, जबलपुर; श्री आलोक कुमार दास, क्षेत्रीय प्रबंधक, वन विकास निगम, जबलपुर; श्री ओ.पी. तिवारी, अपर संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान; जबलपुर वन वृत्त एवं क्षेत्रीय प्रबंधक वन विकास निगम के समस्त वनमण्डलाधिकारी एवं उप–वनमण्डलाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने–अपने विषय से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया गया।

समीक्षा बैठक के पूर्व माननीय वन मंत्री जी द्वारा डॉ. उदय होमकर, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी द्वारा लिखित तकनीकी पुस्तक ‘‘**दुर्लभ एवं संकटग्रस्त प्रजातियों की रोपणी तकनीक का प्रचार प्रसार**’’ एवं ‘‘**वनों एवं वन रोपणियों में लगने वाली कीट व्याधियॉ एवं उनके निदान पर किये गये कार्यो का सरल भाषा में संकलनः मध्यपद्रेश के संदर्भ में**’’ तथा डॉ. जी.एस. मिश्रा, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी की तकनीकी पुस्तक ‘‘**मध्यप्रदेश की प्रमुख गोंदों के उत्पादन तथा संग्रहण क्षेत्र**’’ का विमोचन किया गया एवं संस्थान द्वारा की गई बहु–उपयोगी तकनीकी पुस्तक के प्रकाशन की प्रशंसा की गई। श्री गिरिधर राव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं सचांलक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान द्वारा वानिकी क्षेत्र में किये जा रहे अनुसंधान कार्यो का विस्तार पूर्वक प्रस्तुतिकरण दिया गया।

समीक्षा के दौरान माननीय वन मंत्री जी द्वारा अवगत कराया गया कि वनवासियों को औषधीय पौधों से रोजगार देने हेतु एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू होगा एवं सैटेलाइट से वनों की निगरानी कार्य भी किया जायेगा, जिसका क्रियान्वयन वन विभाग के माध्यम से होगा।

माननीय वन मंत्री जी द्वारा संस्थान परिसर में स्थित औषधीय पौधों की नर्सरी का अवलोकन एवं निरीक्षण कर वृक्षारोपण किया गया। साथ ही अरण्य–विथिका म्यूजियम एवं चलित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला वाहन का अवलोकन भी किया गया।

समीक्षा बैठक

राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर
माननीय मंत्री वन
24.06.2019 11:17

राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर
माननीय मंत्री वन
24.06.2019 11:12

औषधीय पौधों की नर्सरी

चलित मृदा परीक्षण प्रयोगशाला वाहन

अरण्य-विथिका म्यूजियम